वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 290 | बुधवार 15 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया


@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राज्यपाल से असम के नामित राज्यपाल कटारिया ने की मुलाकात



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में असम के नामित राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान कटारिया को राज्यपाल के तौर पर भावी कार्यकाल के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## जयपुर पहुंची मलाइका अरोड़ा



### शादी में शामिल होंगी, मुकेश अंबानी की मां कोकिला बेन और सिंगर सलीम सुलमान भी आए

**जयपुर. कासं।** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा मंगलवार को जयपुर पहुंची। यहां से सीधे एयरपोर्ट के लिए निकल गईं। वहीं, मुकेश अंबानी की मां कोकिला बेन भी जयपुर में नजर आईं। म्यूजिक डायरेक्टर और सिंगर सलीम सुलमान भी एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। सभी जयपुर में अलग-अलग शादियों में शामिल होने पहुंचे हैं। इस दौरान मलाइका ने एक फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक होटल की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि टेबल इज सेट... वेटिंग फॉर माई वैलेंटाइन लिखा। इसके बाद अर्जुन कपूर ने मलाइका को टेग करते हुए इंस्टाग्राम पर उसी टेबल का फोटो डालते हुए लिखा कि मलायका अरोड़ा टेबल फॉर टू। दोनों ने अपने-अपने टेबल की साइड गुलाब के फूल रखे हुए थे।

# राजस्थान के 8 जिलों में आज से बढ़ने लगेगी गर्मी...

### दो दिन में 36 डिग्री को पार करेगा पारा; पाकिस्तानी हवा से बढ़ रहा तापमान

**जयपुर. कासं**



राजस्थान में कल से सर्दी का असर फिर से कम होने लगेगा। उत्तर भारत से चलने वाली सर्द हवाएं थमने से तापमान बढ़ेंगे। इसके साथ ही अरब सागर के ऊपर एक विपरित चक्रवाती हवाओं का सिस्टम बना हुआ है, जिससे असर से पश्चिमी राजस्थान में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या इससे ज्यादा हो जाएगा। क्योंकि यहां पाकिस्तान से गर्म हवा आनी शुरू हो गई है। आज से आठ जिलों में इसका असर दिखने लगेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तरी हवाओं के प्रभाव से पिछले 48 घंटों में तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की जो गिरावट दर्ज हुई थी, अब थम गई है। आज से अधिकांश स्थानों पर तापमान बढ़ा है। जैसलमेर, जयपुर, अलवर, बीकानेर में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे था, जो बढ़कर 10 से ऊपर चला गया है। फतेहपुर में सोमवार को जहां न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु पर आ गया था वहीं आज 3.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 4 पर पहुंच गया। बीकानेर में मिनिमम तापमान 6 डिग्री बढ़कर 10.5 पर आ गया। पिलानी, जोधपुर, सीकर, उदयपुर, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, चूरू, भीलवाड़ा में भी तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। माउंट आबू में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। चूरू में मिनिमम टेम्प्रेचर 5.2 और भीलवाड़ा में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सोमवार तक राजस्थान के कई हिस्सों में चल रही सर्द हवाओं की रफ्तार मंगलवार को लगभग थम गई। उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेर्स्टन डिर्स्टबेंस के कारण उत्तरी हवाओं की रफ्तार राजस्थान में थम गई।



# महानगर ग्रुप ने हर्षोल्लास से मनाया वैलेंटाइन डे

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप महानगर ने फोर्ट रेस्टोरेंट में वैलेंटाइन डे स्पेशल कार्यक्रम लव इन फोर्ट आयोजित किया। पूरी तरह से थीम बेस्ड कार्यक्रम में पूरा समा रेड एंड ब्लैक कलर में समा गया। **अध्यक्ष संजय जैन ने बताया अलग अलग तरह के सेल्फी जोन" सदस्यों में आकर्षण का केंद्र रहे।** साथ ही साथ सदस्यों ने सेल्फी राउंड स्टैंड, टैटू एवं संयोजकों द्वारा आयोजित किए गए थीम बेस्ड गेम का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक विनीत -मोनिका, हेमंत- श्वेता, पवन-मनीषा , प्रशांत -रीना, धर्मेंद्र -राजुल , अमित -सुरेखा रहे। पूर्व अध्यक्ष रवि-नमिता, प्रदीप -निशा , दीपेश-अल्का, चंद्रशेखर -संगीता और डॉ राजीव -अंजू ने नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। लोग देर रात तक डीजे की धुनों पर थिरकते रहे ।






# बीके शिवानी दीदी भीलवाड़ा वासियों को देंगी जिंदगी आसान बनाने का संदेश

## एक मार्च को मोदी ग्राउंड पर होने वाले आध्यात्मिक आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार आ रही अन्तरराष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता एवं राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी के एक मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल बन गया है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शाम 6 से 8 बजे तक आरसी व्यास कॉलोनी के मोदी ग्राउण्ड (भीमगंज स्कूल मैदान) में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में शिवानी दीदी सुख, शांति एवं तनावमुक्त जीवन के लिए 'जिंदगी बने आसान' विषय पर उद्बोधन प्रदान करेंगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ब्रह्माकुमारी के स्थानीय सेवा केन्द्र तत्परता से जुटे हुए है। कार्यकताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विजयसिंह पथिकनगर स्थित प्रभु उपहार भवन में ब्रह्माकुमारी इंदिरा दीदी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। दो मिनट प्रभु स्मृति के साथ शुरू बैठक में इंदिरा दीदी ने आयोजन को लेकर अब तक हुई तैयारियों की जानकारी देने के साथ जो तैयारियां अभी की जानी है उन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में दस हजार से अधिक लोगों की सहभागिता की संभावना है। लोगों की सुविधा के लिए पांच हजार कुर्सियां लगाने का भी प्रबंध किया जा रहा है।



## उपाध्याय श्री 108 उर्जयंत सागर जी मुनिराज का भव्य मंगल प्रवेश पारस विहार, मोहनपुरा, मुहाना मंड़ी मे आज 15 फरवरी को

**जयपुर।** आचार्य विमल सागर जी के अन्तिम दीक्षित उपाध्याय श्री 108 उर्जयंत सागर जी मुनिराज पारस विहार, मोहनपुरा, मुहाना मंड़ी, चिंतामणी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे आज 15 फरवरी को साय काल 5 बजे भव्य जुलुस के साथ मंगल प्रवेश होगा। अध्यक्ष पवन गोदिका ने बताया कि दिनांक 14 फरवरी को सांयकाल 3.00 बजे सांगानेर चोमु बाग दिगंबर जैन मंदिर से रवाना होकर 4.30 बजे एस.एफ.एस. आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में एक दिन के प्रवास हेतु मंगल प्रवेश किया। 15 फरवरी को आहारचर्या एस.एफ.एस.जैन मंदिर में होगी तथा वहां से सायंकाल 3.00 बजे विहार करते हुए 4 बजे मुहाना मंड़ी के 3 नम्बर नेट पर पहुँचने पर साधर्मी बन्धु एकत्रित होकर आरती करेंगे।। समिति के कोषाध्यक्ष विरेन्द्र के.सेठी, ब्यावर वाले, बोनी हाईट, पर गुरुवर की आरती करगें एवं सांयकाल 4.30 बजे मोहनपुरा, मुहाना मंड़ी, दिगंबर जैन मंदिर पहुँचेगे। सभी साधर्मी बन्धुओं के लिए साय कालीन वात्सल्य भोजन की व्यवस्था की गई है।



## महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा दिव्यांगों को नि:शुल्क राशन वितरण किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर द्वारा प्रत्येक माह की तरह इस बार भी द्वितीय रविवार को 150 दिव्यांगो मासिक राशन वितरण किया गया ।यह अवसर इन्द्र लाल सोहन लाल चेरेटिबल ट्रस्ट को मिला। उनके द्वारा सभी को बिठाकर भोजन भी कराया गया। सभी ने अपने हाथों से भोजन परोसा जिसको सभी ने सराहा। इस कार्यक्रम में वीर सुभाष गोलेछा अध्यक्ष, वीर एन के सेठी उपाध्यक्ष, वीर इन्जी पीसी छाबड़ा मंत्री, वीर अनिल वैध कोष्याध्यक्ष, वीर आर एस जैन संयुक्त मंत्री, वीर चन्दर सेन छाबड़ा, वीर आर एस जैन, वीर राजकुमार पालावत, कार्यकारणी सदस्य, वीर डा विनोद जैन, डा प्रमिला जैन ,वीर अजय गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार के वीर एन के सेठी उपाध्यक्ष,के परिवार के सदस्य वीरा निर्मला सेठी, जिनेन्द्र सेठी , संगीता सेठी, निकेता सेठी, संयम आहांन, समीक्षा आदी भी उपस्थित रहे।

## दया दृष्टि फाउंडेशन की प्रथम वर्षगांठ मानव सेवा के साथ मनाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दया दृष्टि फाउंडेशन की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में प्रेम निकेतन शुभ शांति निवास वृद्ध आश्रम में मातृ पितृ दिवस संगीत समारोह के रूप में मनाया गया। प्रेम निकेतन निवासियों व गंभीर बीमारी से ग्रस्त रोगियों के बीच फाउंडेशन के सदस्यों, आगंतुकों तथा सहगायक कलाकारों ने भजन , गीत व कविता गाकर उनको प्रसन्नता प्रदान करने का प्रयास किया। वहां के वरिष्ठ जनों ने पूरी तरह से संगीत का आनंद लिया और सभी ने मिलकर अन्ताक्षरी खेली। दया दृष्टि फाउंडेशन की डायरेक्टर अलका चौधरी, पूनम खंगारोत व शिखा शर्मा ने प्रेम निकेतन की सचिव मीना गर्ग एवं अध्यक्ष शेखर गर्ग का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया। योजना कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा ने प्रीति पुरोहित, शालू शर्मा, संजय व अमित आदि गायक कलाकारों को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपनी सुमधुर आवाज से वरिष्ठ जनों के दिलों को जीता व अंतरात्मा में खुशी की लहर बरसाई, प्रेम निकेतन के सभी सदस्य व सभी वृद्धजनों को प्रभावित किया। इस अवसर पर समाजसेवी ममता शर्मा, शशि पाठक ने भी कार्यक्रम में शिरकत दी। वहां के प्रबंधक जनों ने पुनः DDF को जल्दी आमंत्रित करने का आश्वासन दिया।

Happy Anniversary
श्री नितेश-नीतू जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य




को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाइयां
मोबाइल: 9829559329
शुभकामनाओं सहित
संजय छाबड़ा 'आवा' अध्यक्ष | प्रदीप जैन सस्थापक अध्यक्ष | अनुज जैन सचिव
समस्त जैन सोश्यल ग्रुप महानगर परिवार

## वेद ज्ञान

### समय का सदुपयोग बेहद जरूरी

हर एक व्यक्ति के पास दिन में मात्र चौबीस घंटे का समय होता है जिसमें उसे अपने सारे कार्य संपन्न करने होते हैं। हम अपने समय का अधिकाधिक उपयोग कर सकें इसके लिए समय प्रबंधन आवश्यक है। हालांकि कुछ लोग समय के वर्गीकरण को ही समय प्रबंधन मानने की भूल करते हैं, लेकिन समय के वर्गीकरण की अपेक्षा समय का सदुपयोग अधिक जरूरी है। यदि हम समय का सदुपयोग करना सीख जाएं तो जीवन में बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। बहुत सारे ऐसे लोग भी रहे हैं जिन्हें समय प्रबंधन की जानकारी नहीं थी, लेकिन वे जीवन भर केवल उपयोगी कार्यों को करने में ही लगे रहे और उन्होंने अपने जीवन में आशातीत सफलता भी प्राप्त की। वास्तव में हम जो कार्य करते हैं उसके मूल में हमारी इच्छाएं ही होती हैं। यदि हमारी इच्छाएं महान हैं, सात्विक हैं तो कार्य भी महान और सात्विक ही होंगे। यह सच है कि हमारी इच्छाएं भी हमारे विचारों का परिणाम होती हैं। इस प्रकार से हमारे विचार ही हमारे कार्य के स्वरूप को निश्चित और निर्धारित करते हैं, उसे आकार प्रदान करते हैं। हमारे सपनों के अनुरूप ही सफलता हमें मिल पाती हैं। कई बार हमारी अपेक्षाएं अथवा हमारे सपने बहुत बड़े होते हैं और हम उन्हें पूर्ण भी कर लेते हैं, लेकिन फिर भी जीवन में संतुष्टि नहीं मिल पाती है अथवा हम उस सफलता से लाभांवित नहीं हो पाते हैं। इसका अर्थ यही है कि हमने समय का भरपूर इस्तेमाल तो किया, लेकिन प्राप्त उपलब्धियों में संतुलन का अभाव रहा। इस असंतुलन के मूल में है इच्छाओं, अपेक्षाओं अथवा विचारों के सही प्रबंधन का अभाव। जब तक विचारों का सही प्रबंधन नहीं होता तब तक प्राप्त उपलब्धियों में संतुलन हो ही नहीं सकता। यदि हमारी इच्छा खूब धन पाने की है तो जब तक धन को सही तरीके से कमाने और प्राप्त धन के सही तरीके से उपयोग की इच्छा अथवा अपेक्षा नहीं करेंगे वह धन हमारे लिए समस्या बनकर रह जाता है। उसके दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। इस स्थिति से बचने के लिए ही विचारों का उत्तम प्रबंधन अनिवार्य है।

## संपादकीय

# क्या विपक्ष के पास कोई सही मुद्दा सच में नहीं?

कांग्रेस सहित कई पार्टियां अदाणी मामले पर हल्ला बोल की रणनीति पर काम कर रही हैं तो बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार जातीय गणना करा रही है। उत्तर प्रदेश में भी अखिलेश यादव के साथ कुछ नेताओं ने इसका समर्थन किया है। इस तरह विपक्ष के एक बड़े समूह की कोशिश हर हाल में भाजपा, संघ और पीएम मोदी को उद्योगपतियों का हितैषी, मुसलमानों-दलितों का विरोधी तथा सवर्ण जातियों का समर्थक साबित करने की प्रतीत होती है। क्या इन मुद्दों के आधार पर विपक्ष भाजपा को कमजोर करने में सफल हो पाएगा? यह भारत का दुर्भाग्य है कि वर्तमान विपक्ष का बड़ा समूह अभी भी देश के सामूहिक मनोविज्ञान में आए बदलाव को समझने में विफल है। इस कारण विपक्षी राजनीति को वहां ले जाना चाहते हैं जिनसे भारत का आमजन आगे निकल चुका है। गुजरात दंगों पर बीबीसी की रिपोर्ट को हर हाल में दिखाने पर तुले और संपूर्ण विपक्ष द्वारा इसे मुद्दा बनाए जाने के बावजूद गैर मुस्लिमों



को तो छोड़िए आम मुसलमान भी भाजपा के विरुद्ध आक्रामक होकर सामने आते नहीं दिखे। क्यों? बिहार और उत्तर प्रदेश में रामचरितमानस को निचली जातियों का विरोधी बताना क्या है? राहुल गांधी और उनके रणनीतिकार लगातार भारत के उद्योगपतियों पर हमला कर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि भाजपा सरकार इनकी पोषक और संरक्षक है तथा आम आदमी के लिए उनके पास कोई नीति ही नहीं है। एक समय वामपंथी राजनीति का यही सामूहिक स्वर कांग्रेस के विरुद्ध था। राहुल गांधी और उनके रणनीतिकार यह क्यों नहीं समझ रहे कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी प्रकार की बातें कही थीं, लेकिन देश के बहुमत ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का ही चयन किया। हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर विपक्ष ने संसद को ठप कर दिया या कांग्रेस एवं कुछ पार्टियां जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन आमजन इनमें कहीं नहीं दिख रहा। विपक्ष की उम्मीद यही थी कि लोगों में बैंकों या शेयर मार्केट से अपनी कमाई डूबने का भय पैदा होगा और वे गुस्से में सरकार के विरुद्ध उतर जाएंगे, लेकिन राजनीति के अलावा कहीं भी हाहाकार का दृश्य नहीं दिख रहा। स्वयं राहुल गांधी ने भारत जोड़ो जात्रा के नाम से 3,500 किमी से ज्यादा की पदयात्रा की, जगह-जगह लोगों को सरकार के विरुद्ध करने के लिए भाषण दिए, लेकिन कहीं कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही। अगर विपक्षी दलों में दूरदर्शिता होती तो निश्चित रूप से स्थितियों का गहराई से मूल्यांकन करते। अगर करते तो समय के अनुरूप उनके विचार, व्यवहार और नेतृत्व में भी बदलाव सामने आता। एक समय मुसलमानों, ईसाइयों जैसे अल्पसंख्यकों में संघ और भाजपा के विरुद्ध डर पैदा कर उनका ध्रुवीकरण किया जाता था। इन्हें ऊंची जाति का हिमायती बताकर पिछड़ों और दलितों के एक समूह को लुभाया जाता था। सेक्युलरवाद की राजनीति का दौर भी आया जिसमें भाजपा और संघ के लोगों को खलनायक एवं इनके विरोध में खड़े होने वाले सारे नायक साबित किए जाते थे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# आर्थिक समस्याएं...

कोरोना महामारी के बाद से दुनिया के तमाम देश विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। मुद्रास्फीती की समस्या कुछ देशों में तो बहुत गंभीर रूप ले चुकी है। कई जगह मुद्रास्फीति पिछले चालीस से पचास वर्षों के बीच रही सबसे अधिक दर को भी पार कर गई है। इस पर अंकुश लगाने के लिए कई विकसित देश लगातार ब्याज दरों में वृद्धि कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ता बैंकों से ऋण लेने के लिए निरुत्साहित और अपनी बचत को बैंकों में जमा करने को प्रोत्साहित हों। इससे उपभोक्ता के खर्च करने की शक्ति कम होगी और इस प्रकार बाजार में उत्पादों की मांग कम हो जाएगी। बाजार में उत्पादों की मांग कम होने से उनकी कीमतों में कमी होगी और अंततः मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाया जा सकेगा। पर, विकसित देशों के इस प्रकार के प्रयास बहुत सफल होते दिखाई नहीं दे रहे हैं और मुद्रास्फीति की दर में कुछ अधिक गिरावट दर्ज नहीं हो पा रही है। बल्कि, कुछ देशों, खासकर अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि का कई उद्योगों पर बहुत विपरीत प्रभाव भी पड़ा है और उत्पादों की औसत लागत में वृद्धि दिखी है। अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी की कई कंपनियों को अपनी बढ़ी हुई लागत के चलते होने वाले नुकसान की भरपाई कर्मचारियों की छंटनी करके करना पड़ रहा है। एक समाचार के अनुसार, अमेरिका में अभी तक कई कंपनियों ने लगभग दो लाख कर्मचारियों की छंटनी की है। इसका सबसे अधिक प्रभाव भारतीय इंजीनियरों, जिन्हें एचवनबी वीजा प्राप्त है, पर दिखाई दे रहा है। वैश्वीकरण के इस युग में अमेरिका जैसे विकसित देश अगर अपनी ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा करते हैं, तो अन्य देशों को भी अपनी ब्याज दरों में वृद्धि करनी पड़ती है, ताकि डालर की तुलना में उनकी मुद्रा के अवमूल्यन को रोका या कम किया जा सके। भारतीय रुपए की कीमत को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अवमूल्यन से बचाने और मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की बढ़ोतरी की है। पिछली मई के बाद से यह छठवीं बार वृद्धि की गई है। इस तरह अब तक ढाई सौ आधार अंकों की वृद्धि की जा चुकी है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों ने भी हाल में अपनी ब्याज दरों में पच्चीस से लेकर पचास आधार अंकों की वृद्धि की है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व तो अप्रैल 2022 के बाद से अब तक सवा चार सौ आधार अंकों की वृद्धि अपनी ब्याज दर में कर चुका है। इस तरह ब्याज दरों में तुलनात्मक रूप से अधिक वृद्धि किए जाने से इन देशों की मुद्रा भारतीय रुपए की तुलना में अधिक मजबूत होने लगती है और भारतीय रुपया अंतरराष्ट्रीय बाजार में अगर इन देशों की मुद्रा की तुलना में कमजोर होता है, तो भारत में आयात किए जाने वाले उत्पाद महंगे होने लगते हैं, जिससे भारत में आयातित मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होने लगती है। इसलिए भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत बनाए रखना भी बहुत आवश्यक है। चूंकि आयातित महंगाई दर के अलावा भारत में महंगाई की दर अब बहुत हद तक नियंत्रण में आ चुकी है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अब यह उम्मीद की जा रही है कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मई और जून, 2023 में ऋणात्मक हो जाएगी।

# आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज का तीर्थराज सम्मेद शिखरजी से हुआ मंगल विहार



**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य अन्तर्मना सिंह निष्क्रिय व्रत धारी आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज का 601 दिन बाद 13 फरवरी 2023 को तीर्थराज सम्मेद शिखरजी से मंगल विहार निमियाघाट पंचकल्याणक के लिए हुआ। सम्मेदशिखर जी-557 दिनों की सिंघनिष्कडित व्रत की कठिन मौन साधना के समापन के बाद सोमवार को सम्मेद शिखरजी की से अन्तर्मना आचार्य 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ का महाराष्ट्र के लिए मंगल विहार हुआ। हालांकि, इससे पहले वे निमियाघाट पहुंचेंगे। वहां आयोजित 10 दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वहां से महाराष्ट्र के लिए विहार करेंगे।इसलिए कहा गया है कि रमता योगी बहता पानी, जिस प्रकार कहते हुए नदी का जल निर्मल होता है ठीक उसी प्रकार रमते हुए योगी के भाव भी निर्मल होते हैं। ज्ञात हो की अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज का तीर्थ राज में 21 जून 2021 में भव्य मंगल प्रवेश हुआ था तीर्थराज में दो चातुर्मास के साथ कई ऐतिहासिक काम किए जिसमें सबसे महत्वपूर्ण सिंह निष्क्रिय व्रत 557 दिन की मौन एकांत उपवास साधना जो तीर्थराज के सबसे ऊंची चोटी स्वर्णभद्र कूट पर रहकर तपस्या करते हुए स्वर्णभद्र टोंक को स्वर्णमयी बनाते हुए पूरे टोंक को नए रूप दिए इसके बाद पहाड़ पर विराजमान चोपड़ा कुंड (दिगंबर जैन मंदिर) जो कई वर्षों से बंद था उसे खुलवा कर उसे भी नए रूप आचार्य श्री का मंगल आशीर्वाद से संपन्न हुआ । साथ ही मधुबन के तलहटी में आचार्य श्री के आशीर्वाद से बीसपंथी कोठी का कायाकल्प किया गया। कोठी में एक अन्तर्मना निलय बनाया गया जो अपने आप का आधुनिक धर्मशाला का रूप दिया गया है। इसके बाद 24 समवशरण मंदिर में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर जी मुनिराज का धातु के प्रतिमा विराजमान कर समाधि स्थल बनाया गया जो अपने गुरु के प्रति समर्पित भाव दिखा। मधुबन के तीनमूर्ति मंदिर के पास एक स्वर्णमयी मंदिर नया बनाया गया जो अपने आप मे सोने का मंदिर दिख रहा है जिसका महापारणा ओर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव आचार्य श्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। इसी क्रम में सिद्धायतन में 1008 आदिनाथ भगवान की मंदिर के साथ भक्तामर के 48 कड़ा का मंदिर बनाया गया जो शिखर जी के लिए एक नया रूप दिखा ।आचार्य श्री के सानिध्य में महापारणा महोत्सव में प्रथम बार 7 दिनों तक पूरे शिखर जी मे जैन के अलावा अजेनो के लिए भी खाने की व्यवस्था की गई जो यह समय शिखर के इतिहास में प्रथम बार हुआ। अन्तर्मना और उपाध्याय सौम्य मूर्ति मुनि श्री 108 पीयूष सागर जी महाराज के सानिध्य में सम्मेद शिखर में कई अनूठे कार्य हुए जो आचार्य श्री के जाने के बाद जन-जन को याद रहेंगे। मंगल विहार में जैन ओर अजेनो को आचार्य श्री की कमी खलेगी। **अन्तर्मना ने सभी धर्मावलम्बी को अपना खूब खूब आशीर्वाद दिया और कहा कि मेरी पहाड़ पर साधना इन कर्मचारियों और वहाँ के आदिवासी लोगो के सहयोग से हुआ।** मंगल विहार की बेला को आभार बनाने की तैयारी में जुटे मधुबनवासियों की उपस्थिति मैं अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने आशीष वचन सुनाया। अन्तर्मना के स्नेह से मधुबनवासी गदगद हो गए। अन्तर्मना के आशीर्वचनों को सुनकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो जगत के लिए कल्याणकारी दिव्य ध्वनि का उद्बोधन किया जा रहा हो, पूरा पंडाल आचार्य महाराज के चरणों में पड़ा। अन्तर्मना ने आगे कहा कि लोग परमात्मा पर राजनीति करना बंद करो- प्रसन्न सागरजी : पारसनाथ पर्वत को परमात्मा का स्थान बताते हुए अन्तर्मना कहते हैं यह किसी की जागीर नहीं है, जो पूजे उसका है। परमात्मा हर किसी के हैं। पारसनाथ को लेकर टिप्पणी करने वाले नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि परमात्मा पर राजनीति करना बंद करो।सिरफिरे लोग हैं जो धार्मिक आस्था को राजनीति का अड्डा बना रहे हैं। पारसनाथ सम्मेद शिखरजी शाश्वत है, पृथ्वी पर दो ही स्थान शाश्वत है एक अयोध्या और दूसरा शिखरजी ।पारसनाथ पर्वत के 12 योजन तक निवास करने वाले सभी जीव नियम से स्वर्गवासी हैं उनका स्थान परमात्मा के चरणों में है।

# आदिनाथ पार्क म्यूजिकल ग्रुप द्वारा वृक्षारोपण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जवाहरलाल नेहरू मार्ग **WTP** के सामने स्थित आदिनाथ पार्क (बड़ा भाग) में मुख्य अतिथि नगर निगम ग्रेटर उपमहापौर पुनीत कर्णावट के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम एडवोकेट संदीप कुमार सौगानी के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आदिनाथ पार्क म्यूजिकल ग्रुप के गजेंद्र स्वर्णलता भार्गव, माणक जैन, भारती सौगानी, नवल सोमानी, श्रुति निविशा सोमानी, कुंदन मालपानी, इंदु शर्मा, प्रयास प्रतिभा शर्मा, एडवोकेट राजपाल चौधरी, शशि गुप्ता, अरविंद दसमाना, श्याम शर्मा, डॉ गोगना, रीना गोगना, जितेंद्र रीटा गंगवाल, रश्मि विवेक कांधील, मनोज अग्रवाल, प्रेमलता सुभाष बरमेचा, जवाहरलाल नेहरु पार्क के अध्यक्ष ओमप्रकाश गर्ग, भारतीय जनता पार्टी की भूतपूर्व प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री एकता अग्रवाल एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पूनम अंकुर छाबड़ा ने अशोक गुप्ता को पुलिस महानिरीक्षक जयपुर नवनियुक्त होने पर शुभकामनाएं दी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम अंकुर छाबड़ा ने अशोक गुप्ता को पुलिस महानिरीक्षक जयपुर बनाये जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। पूनम अंकुर छाबड़ा ने आशा की कानून-व्यवस्था में सुधार आएगा एवं जयपुर मे अवैध-शराब के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर भी चर्चा की गई। गौरतलब है कि पूनम अंकुर छाबड़ा पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा जी की पुत्रवधू हैं और अपने पिताजी की शहादत के बाद से वो उनके शराबबन्दी आंदोलन को पूरे भारत देश में जागरूकता के माध्यम से अनेक वर्षों से फैला रही हैं एवं पूरे भारत देश में शराबबंदी के लिए प्रयासरत हैं।



# टीकमगढ़ नगर में हुआ मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश

## अगवानी में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

## उपकारी का उपचार करने महोत्सव मनाते : मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज

**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया**

श्रमण ने जो संस्कृति स्थापित की वह मुनि महाराज से होते हुए अंरहतो तक जाती है।एक छोटा सा ज्ञान तपस्या से केवल ज्ञान में बदल कर यही अरिहंत भगवान की वाणी जगत पर उपकार करती है।उपकारी का उपकार नहीं भूलना चाहता इस लिए वह मूतीयों की स्थापना करने के लिए पंच कल्याणक महोत्सव मनना है और अपने उपकारी प्रभू को निकट के जिनालय में स्थापित कराना चाहते हैं आप लोगों ने जिनालय स्थापित कर पंच कल्याणक महोत्सव की भूमिका बना ली ये उपकारी के प्रति हमारी श्रद्धा समर्पण है उक्त आश्य केउद्गार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।इसके पहले आज सुबह बानपुर से पद विहार करते हुए आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री गंभीर सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश भक्तों की जय जय कार के बीच भव्य रूप से हुआ इसके पहले नगर के बाहर पहुंच कर हजारों श्रद्धालुओं ने मुनि संघ की आरती उतारी कर पाद प्रक्षालन कर श्री फल समर्पित किए।

### अभूतपूर्व अगवानी में उमड़ा भक्तों का समूह

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने टीकमगढ़ ने बताया कि टीकमगढ़ शहर के नंदीश्वर कॉलोनी में आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी का पंचकल्याणक महोत्सव 17 से 23 फरवरी तक मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज जी के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। सुधा सागर महाराज जी ने अपने 45 साल के साधना काल के इतिहास में टीकमगढ में प्रथम बार आगमन हुआ। महाराज जी के आगमन के लिए टीकमगढ़ जैन समाज पिछले 2 महीने से आगमन की प्रतीक्षा में पलक पावडे बिछाए हुए थे ।



### यू पी से मध्यप्रदेश में किया मुनि पुंगव ने प्रवेश

रविवार को प्रात: 6:15 पर मुनि संघ का बानपुर उत्तर प्रदेश से टीकमगढ़ के लिए बिहार प्रारंभ हुआ और प्रात 9 बजे मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की टीकमगढ़ की पुण्य धरा पर चरण पड़े। महारज जी की आगवानी के लिऐ शहर के हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सभी मुनि संघ की आगवानी के लिए सुबह से ही घरों से निकल पड़े। गऊ घाट पर मुनि संघ की आगवानी हुई। मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज जी की अगवानी में जैन समाज के साथ टीकमगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक, टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी कार्यक्रम के अध्यक्ष जिनेंद्र कुमार जी काकड़ारी, जिनेंद्र कुमार जी (बल्लू) नंदीश्वर कमेटी के लुइस चौधरी विमल जैन डीके जैन बाबा नायक जिनेंद्र जैन, वंधाजी कमेटी के अध्यक्ष मुरली जैन राजीव वर्धमान निखिल जैन अनुज जैन सापौन, नीरज मोहारा आशीष जैन चंचल जैन सुधीर जैन सहित समस्त सकल दिगंबर जैन समाज पदाधिकारी, वीर व्यामशाला के अध्यक भाईजी आदि लोगों ने गऊघाट पर मुनि श्री का पाद प्रक्षालन कियो मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने समस्त दिगंबर जैन समाज को आशीर्वाद प्रदान किया।



### महिला मंडलों ने गणवेश में की अगवानी

दिगंबर जैन समाज से महिला मंडल की 25 संस्थाओ ने मिलकर आगवानी की। आदिनाथ सोशल ग्रुप नंदीश्वर भारतीय आदर्श जैन मिलन नंदीश्वर कॉलोनी, त्रिशला गुरुदेव महिला मंडल विद्या सागर महिला मंडल, महावीर मैत्री ग्रुप, विद्या सिंधु मंडल, आदिनाथ युवा मंडल नंदीश्वर, युवा मंडल नंदीश्वर सभी महिला मंडल अलग-अलग ड्रेस कोड में नजर आ रहे थे। आहार जी पाठशाला के बच्चे भी आगवानी मे शामिल हुए। टीकमगढ़ समाज के 15 युवा मंडल मुनि संघ की अगवानी में अपने-अपने ड्रेस कोड में आगवानी की शोभा बढ़ा रहे थे। आगवानी में सबसे पहले ब्रास बैंड, दलदल घोड़ी, डीजे अहिंसा दिव्य घोष मुनि श्री के गीत गाते हुए आगे आगे चल रहे थे।आज टीकमगढ़ के इतिहास में यह पहला अवसर है जब 30 हजार लोगों ने एक साथ मिलकर आगवानी की। 10:00 मुनि संघ नंदीश्वर कॉलोनी स्थित पंडाल में पहुंचे वहा मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किया गया। निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि टीकमगढ़ की सामाज ने आज इतिहास रच दिया है।




# लेकसिटी को मिली पहले स्टॉक मार्केट इंस्टिट्यूट की सौगात

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

शेयर बाजार की शिक्षा और युवा पीढ़ी में जागरूकता जगाने के उद्देश्य से झीलों की नगरी में द इन्वेस्टमेंट प्वॉइंट की पहल पर शहर के पहले स्टॉक मार्केट इंस्टिट्यूट का शुभारंभ हुआ। इस खास मौके पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर श्रीमाली ने कहा कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके बारे में समुचित ज्ञान, अध्ययन और प्रचार प्रसार की महती आवश्यकता होती है उसी प्रकार शेयर मार्केट में भी निवेश से पहले जानकारी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि शहर में देहली गेट स्थित इस केंद्र पर शेयर शिक्षा और जागरूकता के लिए 10 वर्ष से अधिक अनुभवी विशाल साहू और 15 वर्ष से अधिक अनुभवी अयूब खान विद्यार्थियों को शेयर बाजार की बेसिक से लेकर एडवांस तक की शिक्षा प्रदान करेंगे। इस मौके पर शहर के ख्यात वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर देवेंद्र श्रीमाली, दिनेश साहू, भोला शम्भू, सत्यनारायण साहू, अनिल एवं पंकज साहू (चारभुजा क्रशिंग), नानालाल दशोरा (ज्ञानव रेस्टोरेंट) अहमद नूर कायमखानी, उसमान कायमखानी सहित अन्य कई मौजूद थे।

रिपोर्ट/ फोटो राकेश शर्मा 'राजदीप'

## श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र का नए स्थान पर प्रारम्भ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ जैन रिलीफ ट्रस्ट महारानी फार्म के मुख्य समन्वयक एवं चिकित्सा केंद्र के प्रभारी सुरेश लुहाड़िया ने बताया कि श्री आदिनाथ धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र अपने पुराने स्थान 122 महावीर नगर द्वितीय में दिनांक 13 फरवरी 2022 से अपने पूर्व समय सारणी के अनुसार वापस स्थानांतरित होकर चालू हो गया। केन्द्र में विभिन्न डॉक्टर का समय इस प्रकार रहेगा : **एलोपैथिक चिकित्सा:** परामर्श एवं निशुल्क दवा वितरण प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक (सोमवार से शनिवार) साथ साथ ही रियायती दरों पर जांच सुविधा भी उपलब्ध है!

**होम्योपैथी चिकित्सा:-** परामर्श एवं दवा वितरण सप्ताह में 3 दिन (बुधवार शुक्रवार एवं रविवार) शाम 4:00 बजे से 5:30 बजे तक

**फिजियोथेरेपी:** यह सेवाएं समय श्याम 4:00 से 6:00 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

**सर्जिकल उपकरण सेवा:** इस के अंतर्गत बीमार व्यक्ति के लिए घर में उपयोग हेतु सर्जिकल पलंग, चेयर, वाकर, इत्यादि निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं यह सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध है। संपर्क सूत्र 93513 99 201, उन्होंने यह भी बताया कि यह भवन समाज सेवा भावी डॉ आभा गंगवाल एवं डॉ सुभाष गंगवाल ने चिकित्सा केंद्र को मानव सेवार्थ निशुल्क उपलब्ध कराया है। इसके लिए ट्रस्ट परिवार उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1131 मामलों का निस्तारण

**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** नसीराबाद न्यायालय परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न निजी व सरकारी बैंकों सहित विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग व राजस्व विभाग के 1131 प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सहमति व राजीनामे से निस्तारण कर 1 करोड़ 49 लाख 3 हजार के अवार्ड पारित किए गए। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय व उपखण्ड न्यायालय के प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मदनलाल सहारण की अध्यक्षता में बैंच गठित हुई। बेंच में न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा सान्दू, नायब तहसीलदार राकेश कुमार व पैरा लीगल एडवोकेट हेमंत प्रजापति शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में प्रि लिटिगेशन के तहत चिन्हित 417 में से 61 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। विचाराधीन 355 प्रकरण और राजस्व न्यायालय के 776 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। एन आई एक्ट के 12 मामलों का निस्तारण कर 18 लाख 24 हजार 319 रुपए दिलाए गए। मोटर दुर्घटना के 11 मामलों का निस्तारण कर 1करोड 49 लाख 3 हजार रुपए के अवार्ड पारित किए गए। दो वैवाहिक प्रकरण व दो भरण पोषण के प्रकरण निपटाए गए। दीवानी के 22 मामले आपसी सहमति व राजीनामे के आधार पर निपटाए गए। लोक अदालत में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष फारुख खत्री, उपाध्यक्ष कमलेश गुर्जर, नाजिर प्रवेश शेखावत व अधिवक्तागण आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल सहारण ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की।





# रोटरी सिटीजन ब्लड सेन्टर का उद्घाटन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन मानव सेवा की सहायतार्थ हमेशा से ही तत्पर रही है। क्लब हमेशा से एक ऐसे स्थायी प्रोजेक्ट पर कार्य करती है जिसक लाभ आम जनता को आने वाले लम्बे समय तक मिलता रहे। इसी कड़ी में आज स्टेट कैन्सर इंस्टिटयूट, प्रताप नगर में रोटरी फाउण्डेशन व एआरएल इन्फ्राटेक लिमिटेड के करीब 65 लाख के उपकरणों के सहयोग से रोटरी सिटिजन ब्लड सेन्टर का भव्य उद्घाटन किया गया। ब्लड सेन्टर का विधिवत उद्घाटन एआरएल इन्फ्राटेक लिमिटेड के चेयरमेन नन्दकिशोर-शांतादेवी जैन (पहाड़िया) के कर कमलों द्वारा किया गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं निदेशक एआरएल इन्फ्राटेक लिमिटेड श्री प्रमोद जैन ने बताया कि आज के मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर भण्डारी जी कुलपति (RUHS) के द्वारा इस कार्य की नींव रखी गई थी। समारोह अध्यक्ष डॉ. राजीव बगरहट्टा, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक के मार्गदर्शन में यह कार्य सम्पन्न किया गया। स्टेट कैंसर संस्थान के अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा जी ने बताया कि यह सेन्टर पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। **IHTM (Blood Centre)** के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा ने बताया की इस सेंटर में **Blood Component, Apheresis, Granulocyet Concentrate, Perpheral Blood Setm Cell, Plasma Apheresis** जैसी सभी सुविधायें शुरू कर दी गई हैं। एस.एम.एस. के अधिकारी व क्लब के स्वास्थ्य एवं परियोजना समन्वयक चेयरमेन रो. नीरज गंगवाल ने बताया कि कैंसर मरीजों को अब ये सुविधायें एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेंगी व इसके लिये लोगों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। क्लब चार्टर प्रेसीडेंट सुधीर जैन गोधा ने बताया कि आज इस मौके पर 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। क्लब अध्यक्ष रो. रविन्द्रनाथ गुप्ता ने बताया कि भविष्य में क्लब के द्वारा समय समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन भी यहीं किया जायेगा व इस सेन्टर का रखरखाव भी क्लब द्वारा ही किया जायेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3054 के मेन्टर एवं पीडीजी रो. अशोक गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर इलेक्ट रो. राखी गुप्ता, अस्सिटेंट गर्वनर रो. मनोज जैन, पूर्व अध्यक्ष रो. अमित अग्रवाल, कार्यक्रम चैयरमेन रो. दिनेश बज, कार्यक्रम को-चेयरमेन रो. सन्दीप जैन, रो. कमल बडजात्या, एआरएल इन्फ्राटेक लिमिटेड से पदम चन्द जैन, सुनील जैन, अंकित जैन एवं संस्थान व क्लब के काफी गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

## पद्मप्रभु भगवान का महा मस्तकाभिषेक हुआ



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** बापू नगर स्थित पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अष्टमी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक पद्मप्रभु भगवान पर महामस्तकाभिषेक उत्साह पूर्वक हुआ। प्रातः सभी प्रतिमाओं का श्रावको द्वारा अभिषेक किया गया। इस उपरांत सुदर्शन अग्रवाल एवं कमल चंद कासलीवाल ने पदम प्रभु भगवान पर, ऋषभ कासलीवाल ने आदिनाथ भगवान पर एवं राकेश बघेरवाल ने मुनीसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। इसके अलावा अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया की पूजा - अर्चना कर अर्ग समर्पण किऐ। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com